दिनांक–20 / 09 / 2025

प्रेस नोट – प्रकाशनार्थ

## दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल सीकर के छात्रों ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

सीकर जिले में आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता जूडो में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित किया। जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

प्रिंसीपल डॉ. सरीता कुमारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में कक्षा 9 से भावना चौधरी (+44 KG) ने सिल्वर मेडल, कक्षा 8 से नव्या (-44 KG) ने ब्रोंज मेडल तथा बालक वर्ग में कक्षा 9 से यश मूंड (+50 KG) ने ब्रोंज मेडल व कक्षा 6 से मयंक स्वामी (-35 KG) ने ब्रोंज मेडल जीत कर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। उन्होंने अपने सभी मुकाबलों में बेहतरीन तकनीक और अनुशासन का परिचय दिया। विद्यार्थियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से उनके विद्यालय परिवार एवं अभिभावक गौरवांवित महसूस कर रहे हैं।

प्रतियोगिता के अंत में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया और सभी प्रतिभागियों की खेल भावना की सराहना की गई। जिला खेल अधिकारी ने विजेताओं को आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएँ दीं और खेलों में अधिक से अधिक भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया।

डॉ. सरीता कुमारी
प्रिंसीपल